# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 3

Chapter Name : बस की यात्रा

Q1 ” मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा|”

- लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गयी?

Answer. लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा इसलिए जग गयी थी, क्योंकि वह टायर की स्थिति से भली-भांति परिचित थे|बस की दशा बहुत ख़राब थी, रास्ते में बस कभी भी ख़राब हो सकती थी और रात का समय था तो रात कही जंगल में भी बितानी पड़ सकती थी| फिर भी अपनी जान जोखिम में डालकर हिस्सेदार साहब इसी बस से सफर करने का साहस दिखा रहे थे|

Page : 17, Block Name : कारण बताए

Q2 “लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते |”

- लोगो ने यह सलाह क्यों दी?

Answer. लोगों ने लेखक को यह सलाह इसलिए दी क्योंकि उनके अनुसार वह बस डाकिन की तरह थी| बस की हालत बहुत ख़राब थी और कोई भरोसा नहीं था की बस कब रास्ते में ही रुक जाये| बस शाम की थी तो बस के ख़राब होने पर रात कहा बितानी पड़े कुछ पता नहीं|

Page : 17, Block Name : कारण बताए

Q3 “ऐसा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के अंदर बैठे हैं|”

- लेखक को ऐसा क्यों लगा ?

Answer. जब इंजन स्टार्ट हुआ तो पूरी बस हिलने लगी और इंजन के पुर्जो की भांति सभी यात्री भी हिलने लगे| तब ऐसा लगा मानो मानो पूरी बस इंजन हैं और यात्री इंजन के अंदर बैठे हैं|

Page : 17, Block Name : कारण बताए

Q4 ” गजब हो गया| ऐसी बस अपने आप चलती हैं|”

- लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई?

Answer. बस की स्थिति को देखकर ऐसा लग नहीं रहा था की बस चलती भी होंगी| लेखक ने जब हिस्सेदार से पूछा तो उसने कहा बस अपने आप ही चलेगी| इसलिए लेखक को हैरानी हुई|

Page : 17, Block Name : कारण बताए


Aglasem Schools

Q5 “मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था|”

- लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?

Answer – बस की अवस्था को देखकर लेखक को लग रहा था की बस का ब्रेक फेल हो सकता हैं और बस किसी भी पेड़ से टकरा सकती हैं| वह एक पेड़ निकलने के बाद सोचता अब दूसरे पेड़ से ज़रूर बस टकराएगी और दूसरे पेड़ का इंतज़ार कर रहा था इसलिए उसे हर पेड़ दुश्मन लग रहा था|

Page : 17, Block Name : कारण बताए

Q1 ‘सविनय अवज्ञा आंदोलन’ किसके नेतृत्व में, किस उद्देश्य से तथा कब हुआ था? इतिहास की उपलब्ध पुस्तकों के आधार पर लिखिए|

Answer. ‘सविनय अवज्ञा आंदोलन’ गाँधीजी के नेतृत्व में 1930 में प्रारंभ किया गया था| इसका उद्देश्य स्वाधीनता प्राप्त करना था| गाँधीजी ने नमक कानून तोड़कर सरकार के नियम की अवज्ञा की थी तभी से यह आंदोलन का प्रसार हो गया|

Page : 17, Block Name : पाठ से आगे

Q2 सविनय अवज्ञा का उपयोग व्यंगकार ने किस रूप में किया हैं? लिखिए|

Answer – सविनय अवज्ञा का उपयोग व्यंगकार ने बस के लिए किया हैं| सविनय अवज्ञा आंदोलन स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए किया गया था| बस भी अपने मालिक से विनयपूर्वक स्वतंत्रता प्राप्ति की इच्छा रखती हैं|

aglasem.com

Page : 17, Block Name : पाठ से आगे

Q3 आप अपनी किसी यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभवों को याद करते हुए एक लेख लिखिए |

Answer - छात्र अपने अनुभव लिखे |

Page : 17, Block Name : पाठ से आगे

Q1 अनुमान कीजिये यदि बस जीवित प्राणी होती, बोल सकती तो वह अपनी बुरी हालत और भारी बोझ के कष्ट को किन शब्दों में व्यक्त करती? लिखिए |

Answer. यदि बस जीवित प्राणी होती और बोल सकती तो वह अपने कष्ट को जरूर व्यक्त करती | वह बस के मालिक से अनुरोध करती कि अब उसे मुक्त कर दिया जाए | अब वह सवारियों के बोझ को और नहीं उठा सकती |

Page : 17, Block Name : मन - बहलाना

Q1 बस, वश, बस तीन शब्द हैं-इनमें बस सवारी के अर्थ में, वश अधीनता के अर्थ में, और बस पर्याप्त (काफी) के अर्थ में प्रयुक्त होता है, जैसे-बस से चलना होगा। मेरे वश में नहीं है। अब बस करो।

- उपर्युक्त वाक्य के समान तीनों शब्दों से युक्त आप भी दो-दो वाक्य बनाइए।

Answer –

- बस (वाहन) – 1. बस का सफर मजेदार होता हैं|
  2. मैं स्कूल बस से स्कूल जाता हूँ|
- वश (अधीनता) – 1. जन्म और मृत्यु मनुष्य के वश में नहीं होते|
  2. हमें  अपने गुस्से को वश में रखना चाहिये|
- बस (पर्याप्त) – 1. बस इतना भोजन बहुत हैं|
  2. बस करो अब लड़ाई झगड़ा|

Page : 18, Block Name : भाषा की बात

Q2 “हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है।"

ऊपर दिए गए वाक्यों में ने, की, से आदि शब्द वाक्य के दो शब्दों के बीच संबंध स्थापित कर रहे हैं। ऐसे शब्दों को कारक कहते हैं। इसी तरह जब दो वाक्यों को एक साथ जोड़ना होता है 'कि' का प्रयोग होता है।

- कहानी में से दोनों प्रकार के चार वाक्यों को चुनिए।

Answer –

- जो भी पेड़ आता, डर लगता कि बस इससे टकरायेगी|
- हमें लग रहा था कि हमारी सीट के नीचे इंजन हैं|
- यह बस पूजा के योग्य थी|
- नयी नवेली बसों से ज्यादा विश्वसनीय हैं|

Page : 18, Block Name : भाषा की बात

Q3 'हम फ़ौरन खिड़की से दूर सरक गए। चाँदनी में रास्ता टटोलकर वह रेंग रही थी।"

दिए गए वाक्यों में आई 'सरकना' और 'रेंगना' जैसी क्रियाएँ दो प्रकार की गतियाँ दर्शाती हैं। ऐसी कुछ और क्रियाएँ एकत्र कीजिए जो गति के लिए प्रयुक्त होती हैं, जैस-घूमना इत्यादि। उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

Answer.

- रफ़्तार - बस की रफ़्तार बहुत धीमी थी|
- चलना - आठ दस मील चलने पर सारे भेदभाव मिट गये|
- गुजरना - पूरी बस सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौर से गुज़र रही थी|

Page : 18, Block Name : भाषा की बात

Q4 'काँच बहुत कम बचे थे। जो बचे थे, उनसे हमें बचना था।"

इस वाक्य में 'बच' शब्द को दो तरह से प्रयोग किया गया है। एक 'शेष' के अर्थ में और दूसरा 'सुरक्षा' के अर्थ में।

aglasem.com

नीचे दिए गए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करके देखिए। ध्यान रहे, एक ही शब्द वाक्य में दो बार आना चाहिए और शब्दों के अर्थ में कुछ बदलाव होना चाहिए।

(1) जल (ख) हार

Answer - जल - आग से हाथ जल जाने पर मैंने तुरंत अपना हाथ ठन्डे जल में डाल दिया|

हार - प्रतियोगिता में हार जाने पर भी मेरी माँ ने मुझे मोतियों का हार तोहफ़े में दिया|

Page : 18, Block Name : भाषा की बात

Q5 भाषा की दृष्टि से देखें तो हमारी बोलचाल में प्रचलित अंग्रेजी शब्द फर्स्ट क्लास में दो शब्द हैं-फर्स्ट और क्लास। यहाँ क्लास का विशेषण है फर्स्ट। चूँकि फर्स्ट संख्या है, फर्स्ट क्लास संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण है।

महान आदमी में किसी आदमी की विशेषता है महान। यह गुणवाचक विशेषण है। संख्यावाचक विशेषण और गुणवाचक विशेषण के उदाहरण खोजकर लिखिए।

Answer - संख्यावाचक विशेषण – पाँच दोस्त, दो बस

गुणवाचक विशेषण - वीर सैनिक, सुन्दर लड़की

Page : 18, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com